# कार्यालय नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम

**नैनीताल रोड़, हल्द्वानी, पिन कोड़– 263139**

**(www.Nagarnigamhaldwani.in) toll free no- 8882610000**

**E-Mail- haldwaninagarnigam@gmail.com दूरभाष:–05946–220035**


पत्रांक :– 586 / मार्केटिंग अनुभाग दिनांक :– 09/06/25

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 (यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड) की धारा 541 के अन्तर्गत नगर निगम की सीमा के अन्तर्गत व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को ट्रेड लाईसेन्स निर्गत करने हेतु पूर्व में निर्मित ट्रेड लाईसेन्स उपविधि में कतिपय छूटी हुई मदों को शामिल करने तथा कतिपय मदों के शुल्क में वृद्धि करने सम्बंधी नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के बोर्ड की स्वीकृति के क्रम में नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के अधिसूचित क्षेत्र की परिधि में व्यवसायरत व्यवसायियों जिन पर इसका प्रभाव पड़ने वाला है से इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम को सम्बोधित करते हुए आपत्ति व सुझाव नगर निगम कार्यालय के कक्ष सं0 06 में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। लाईसेंन्स गजट में सम्मिलित की जाने वाली मदों व किये जाने वाले शुल्क संशोधन का अवलोकन नगर निगम कार्यालय के कक्ष सं0 06 तथा नगर निगम की वेबसाइट **www.nagarnigamhaldwani.in** पर किया जा सकता है। निर्धारित तिथि उपरान्त प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।

**प्रतिलिपि–**

1. महापौर महोदय, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सम्पादक दैनिक अमर उजाला नैनीताल संस्करण एवं सम्पादक दैनिक उत्तर उजाला को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सार्वजनिक को न्यूनतम निर्धारित दरों में अधिकतम 40 वर्ग सेमी0 पठनीय स्पेस में प्रकाशित कर भुगतान हेतु संस्करण की दो प्रतियां बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
3. प्रांजलि वैंचर्स को इस आशय से प्रेषित की वे उपरोक्त सार्वजनिक सूचना को नगर निगम वेबसाईट में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
4. कार्यालय उप जिलाधिकारी हल्द्वानी/कार्यालय तहसीलदार, हल्द्वानी/नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम के नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
5. श्री महेश चन्द्र जोशी, मार्केटिंग लिपिक को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आपत्ति/सुझाव हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राप्त कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम।

| क्र0सं0 | मद का नाम/विवरण | पूर्व निर्धारित शुल्क | प्रस्तावित शुल्क |
|---|---|---|---|
| 01 | फ्लोर मिल/आटा चक्की से अतिरिक्त अन्य फैक्ट्री व मिल (30 H.P से कम) धान मिल सहित | 500 | 1000 |
| 02 | अन्य मिल व फैक्ट्री (30 H.P से 50 H.P तक) | 1000 | 2000 |
| 03 | अन्य मिल व फैक्ट्री (50 H.P से अधिक) | 4000 | 5000 |
| 04 | फिजियोथ्रैपी/योगा क्लीनिक | – | 1000 |
| 05 | पशुवध शुल्क – भैंसा, | 100 | 300 |
| 06 | पशुवध शुल्क– बकरा | 40 | 100 |
| 07 | वैटनरी क्लीनिक | – | 1000 |
| 08 | मोटर ट्रेनिंग स्कूल | – | 1000 |
| 09 | चाय/जूस/पान खोखा फड | – | 250 |
| 10 | कॉटन मशीन(धुन्ना) | – | 250 |
| 11 | गन्ना रस ठेला | – | 250 |
| 12 | फैब्रीकेशन/इन्जिन्यरिंग वर्क्स | – | 500 |
| 13 | टायर वर्क(पंचर) | – | 500 |
| 14 | आरामशीन . | – | 2000 |
| 15 | खरात/दाब/बरमा मशीन | – | 500 |
| 16 | डेटिंग–पेंटिग गैराज | – | 1000 |
| 17 | फास्ट फूड ट्रक | – | 500 |
| 18 | फास्ट फूड ठेला | – | 200 |
| 19 | बेकरी | – | 1000 |
| 20 | कन्फैक्शनरी शॉप | – | 250 |
| 21 | बुक डिपो/स्टेशनरी | – | 250 |
| 22 | चूडी/कॉस्मैटिक शॉप | – | 500 |
| 23 | ऊन/हौजरी शॉप | – | 500 |
| 24 | स्पोर्टस गुडस शॉप | – | 500 |
| 25 | मोबाइल फोन आउटलेट | – | 1000 |
| 26 | नर्सरी (पौधशाला) | – | 1000 |
| 27 | ब्लड बैंक | – | 1000 |